अधीक्षण अभियंता का कार्यालय
प0 नि0 वि0, पथ अंचल, पूर्णियां
स्थल निरीक्षण प्रतिवेदन

दिनांक 04.06.2024 को अधोहस्ताक्षरी द्वारा पथ प्रमंडल, अररिया के अधीन मीरगंज से जोगबनी पथ का निरीक्षण किया गया एवं आवश्यक निदेश दिए गए

उपस्थित पदाधिकारी–

1– श्री नवाब आलम, अधीक्षण अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, पूर्णियाँ

2– श्री राजीव कुमार, सहायक अभियंता(अनु0), पथ अंचल, पूर्णियाँ

3– श्री हर्ष राज, सहायक अभियंता, पथ प्रमंडल, अररिया

उक्त पथ की लंबाई 4.515 कि0मी0 एवं चौड़ाई 10 मी0 है। उक्त कार्य की प्रशासनिक स्वीकृति विभागीय पत्रांक– 8949(S), दिनांक– 03.10.2019 द्वारा रु0 2781.17 लाख मात्र है। तकनीकी स्वीकृति मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक– 1230 अनु0, दिनांक– 26.11.2019 द्वारा रु0 2620.49 लाख मात्र के लिए प्रदान किया गया है। उक्त कार्य के एकरारनामा की राशि रु0 2178.87668 लाख मात्र है। कार्य प्रारंभ की तिथि 01.07.2020 एवं एकरारनामा के अनुसार कार्य समाप्ति की तिथि 30.06.2021 निर्धारित थी। कार्यपालक अभियंता द्वारा संवेदक को दिनांक– 31.03.2023 तक समयवृद्धि प्रदान की गई थी। निरीक्षण के क्रम में जोगबनी से लगभग 2 कि0 मी0 पहले Flyover के नीचे पथ परत पर जल जमाव पाया गया। साथ ही उक्त पथ के कई स्थानों के पथ परत पर भी जल जमाव पाया गया, जबकि उक्त स्थानों पर नाला भी निर्मित है, जिससे स्पष्ट होता है कि नाला की सफाई नहीं की जा रही है।

निरीक्षण के दौरान नगर परिषद से सम्पर्क स्थापित कर जल निकासी कराने का निर्देश दिया गया ताकि पथ परत को जल जमाव से होने वाली क्षति से बचाया जा सके।

6/6/24

अधीक्षण अभियंता
प0 नि0 वि0, पथ अंचल, पूर्णियाँ।

ज्ञापांक– 473 दिनांक– 06/06/2024

प्रतिलिपि :– कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, अररिया को सूचनार्थ एवं निरीक्षण के दौरान दिए गए निदेश के अनुपालनार्थ प्रेषित।

6/6/24

अधीक्षण अभियंता
प0 नि0 वि0, पथ अंचल, पूर्णियाँ।

ज्ञापांक– 473 दिनांक– 06/06/2024

प्रतिलिपि :– मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ समर्पित।

6/6/24

अधीक्षण अभियंता
प0 नि0 वि0, पथ अंचल, पूर्णियाँ।